# पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 07-08-2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

## अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मोबाइल लूट की घटनाओं में वांछित 02 शातिर अभियुक्त 1- ऋषि उर्फ कन्हई पुत्र हरनाम व 2- मनीष पुत्र विजेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया ।

- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस, मोबाइल लूट की घटनाओं में प्रयुक्त 01 राइडर मोटरसाइकिल, 7000 रुपये नकद, 01 ओप्पो मोबाइल (मु0अ0सं0 533/2026 से सम्बन्धित) तथा विभिन्न घटनाओं से लूटे गए 04 अन्य मोबाइल फोन बरामद किए गए ।**
- **अभियुक्त ऋषि पुत्र हरनाम पैर में गोली लगने से हुआ घायल ।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया...**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 533/2026 धारा 304(2) बीएनएस (भारत गैस गोदाम, एटा रोड के पास मोबाइल लूट) एवं मु0अ0सं0 529/2026 धारा 304(2) बीएनएस (सुभाष तिराहा, शिकोहाबाद मोबाइल लूट) से संबंधित अभियुक्त पुरातन रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास मौजूद है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं । सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा पुरातन रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये । पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को वापस मोड़कर भागने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई । पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया । घायल व्यक्ति की पहचान थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 533/2026 व मु0अ0सं0 529/2026 में वांछित अभियुक्त ऋषि उर्फ कन्हई पुत्र हरनाम निवासी गिहार कॉलोनी, थाना भोगांव, जनपद मैनपुरी के रूप में हुई । वहीं दूसरे अभियुक्त मनीष पुत्र विजेंद्र निवासी गिहार कॉलोनी, थाना भोगांव, जनपद मैनपुरी को पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 राइडर मोटरसाइकिल, 7000 रुपये

नकद, 01 ओप्पो मोबाइल तथा विभिन्न घटनाओं से लूटे गए 04 मोबाइल फोन बरामद किए गए। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. ऋषि उर्फ कन्हई पुत्र हरनाम निवासी गिहार कॉलोनी, थाना भोगांव, जनपद मैनपुरी।
2. मनीष पुत्र विजेंद्र निवासी गिहार कॉलोनी, थाना भोगांव, जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 04 जिंदा कारतूस।
2. 01 राइडर मोटरसाइकिल(मोबाइल लूट की घटनाओं में प्रयुक्त)।
3. 7000 रुपये नकद।
4. 01 ओप्पो मोबाइल (मु0अ0सं0 533/2026 से सम्बन्धित) तथा विभिन्न घटनाओं से लूटे गए 04 अन्य मोबाइल फोन बरामद किए गए।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास ऋषि उर्फ कन्हई –**

1-मु0अ0स0 258/19 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना भोगांव जिला मैनपुरी
2-मु0अ0स0 257/25 धारा 13 जी एक्ट थाना भोगांव जिला मैनपुरी
3- मु0अ0स0 260/19 धारा 392/411 भा0द0स0 थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
4- मु0अ0स0 261/19 धारा 392/411 भा0द0स0 थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
5-मु0अ0स0 264/19 धारा 398/401 भा0द0स0 थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
6-मु0अ0स0 1255/19 धारा 392/411 भा0द0स0 थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
7-मु0अ0स0 418/2020 धारा 3(1) गैगस्टर एक्ट थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
8-मु0अ0स0 726/2022 धारा 392/411 भा0द0स0 थाना एत्मादौला कमिश्नेट आगरा
9-मु0अ0स0 284/2022 धारा 392/413 भा0द0स0 थाना कमलानगर कमिश्नेट आगरा
10- मु0अ0स0 286/2022 धारा 392/413 भा0द0स0 थाना कमलानगर कमिश्नेट आगरा
11-मु0अ0स0 72/2023 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना कमलानगर कमिश्नेट आगरा
12-मु0अ0स0 80/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कादरी गेट जिला फत्तेहगढ़।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मनीष पुत्र विजेंद्र -**

1-मु0अ0स0 16/2022 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना बेबर जिला मैनपुरी
2. मु0अ0स0 135/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
3. मु0अ0स0 389/2022 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
4. मु0अ0स0 01/23 धारा 302,379,411 थाना जीआरपी मैनपुरी
5. मु0अ0स0 105/23 धारा 323,325,504,506 थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
6. मु0अ0स0 111/2023 धारा 504,506 थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
7. मु0अ0स0 506/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
8. मु0अ0स0 822/24 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली जिला मैनपुरी
9. मु0अ0स0 78/2025 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना बेबर जिला मैनपुरी
10. मु0अ0स0 85/2025 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
11. मु0अ0स0 447/2025 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना भौगॉव जिला मैनपुरी
12. मु0अ0स0 528/2025 धारा 115(2),351(3),352 थाना बेबर जिला मैनपुरी।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक अपराध तसव्वुर अली थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 ओमप्रकाशसिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 सोनू कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 फैशलखान थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 ऋषभदेव भारद्वाज थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. चालक हे0का0 838 अरविन्द कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 101 उदयप्रताप सिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 572 भवतोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 1545 अभिषेक कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
11. का0 404 जितेन्द्र कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
12. कां0 भूपेंद्र सर्विलांस सेल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
13. हो0गा0 कौशलकिशोर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।